**सवाल** ▶ न्यायालय के आदेश के बाद भी नहीं दी जा रही अनुमति, प्रवेश शुल्क पर सवाल

# रंग महल मंदिर में पूजा-अर्चना पर रोक क्यों?



**अनूपपुर, नवभारत 19 सितंबर।** पवित्र नगरी अमरकंटक में मां नर्मदा मंदिर के सामने स्थित प्राचीन कलचुरीकालीन रंग महल मंदिर में पूजा-अर्चना शुरू नहीं होने को लेकर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं।

मंदिर परिसर में भगवान विष्णु, पातालेश्वर महादेव और सत्यनारायण भगवान के प्राचीन मंदिर स्थित हैं। स्थानीय लोगों और धार्मिक प्रतिनिधियों का कहना है कि इन मंदिरों में लंबे समय से विधि-विधान से पूजा-अर्चना नहीं हो पा रही है।

### आदेश के पालन को लेकर सवाल उठाए जा रहे

न्यायालय के आदेश के बाद मंदिर में पूजा-अर्चना शुरू किए जाने और पुजारियों की नियुक्ति किए जाने का भी दावा किया गया है। हालांकि, वर्तमान स्थिति में मंदिर में नियमित रूप से पूजा-अर्चना और प्रशासनिक स्तर पर आदेश के पालन को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। मामले में प्रशासन, पुरातत्व विभाग और संबंधित धार्मिक संस्थान का आधिकारिक पक्ष सामने आने के बाद स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी।

### पूजा-अर्चना का अधिकार द्वारका-शारदा पीठ को दिया गया था

परम धर्म सांसद शहडोल श्रीधर शर्मा ने चर्चा में कहा कि रंग महल मंदिर में पूजा-अर्चना के अधिकार को लेकर ब्रह्मलीन जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। उनका दावा है कि न्यायालय से द्वारका-शारदा पीठ के पक्ष में आदेश प्राप्त हुआ और मंदिरों की देखरेख तथा पूजा-अर्चना का अधिकार पीठ को दिए जाने की बात आदेश में कही गई।

### 40 वर्षों से नियमित पूजा-अर्चना है बाधित

धार्मिक प्रतिनिधियों का दावा है कि रंग महल मंदिर में लगभग 40 वर्षों से नियमित पूजा-अर्चना बाधित है। उनका कहना है कि कभी यह परिसर अमरकंटकवासियों और यहां आने वाले श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र हुआ करता था, लेकिन पूजा-अर्चना बंद होने के कारण मंदिर परिसर धीरे-धीरे जर्जर स्थिति में पहुंच गया।

# केवई नदी में नहाने गया किशोर डूबा

▶ पुलिस का सर्च अभियान जारी



**कोतमा नवभारत 19 सितंबर।** कोतमा थाना क्षेत्र के अंतर्गत नगरपालिका कोतमा वार्ड क्रमांक 6 के निवासी 15 वर्षीय बालक के केवई नदी में डूबने की दुखद घटना सामने आई है।

जानकारी के अनुसार, माधव पाटस्कर का 15 वर्षीय पुत्र अभिषेक पाटस्कर उर्फ जीत लहसुई रपटा के पास केवई नदी में अचानक गहरे पानी में समा गया।

अभिषेक केवई नदी किस उद्देश्य से गया था और घटना के समय उसके साथ कौन-कौन उपस्थित था, इस संबंध में विस्तृत जानकारी अभी सामने नहीं आ सकी है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बालक की खोजबीन के लिए लगातार रेस्क्यू व सर्च अभियान चला रही है।

### गहरे पानी और नदी की खोह बनी खतरा

स्थानीय निवासियों के अनुसार, लहसुई रपटा के पास स्थित यह स्थान बेहद खतरनाक और अत्यधिक गहरा है। नदी के इस हिस्से में कई प्राकृतिक खोह (गुफा जैसी संरचनाएं) बनी हुई हैं, जहां नहाने के दौरान पानी के तेज बहाव और गहराई के कारण हादसों का खतरा हमेशा बना रहता है।

### इस स्थान पर डूबने से कई हादसे हो चुके हैं

ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में भी इस स्थान पर डूबने से कई हादसे हो चुके हैं। समाचार लिखे जाने तक पुलिस और गोताखोरों द्वारा बालक का शव बरामद नहीं किया जा सका है। पुलिस प्रशासन और बचाव दल नदी में बालक की तलाश के लिए प्रयासरत हैं।

# हैंडपंप को खोलकर देखा तो पाइप ही मिला गायब

▶ जमुनिहा स्कूल का निरीक्षण कर लौटे अधिकारी




**जमुना-कोतमा नवभारत 19 सितंबर।** ग्राम पंचायत जमुनिहा स्थित प्राथमिक पाठशाला में एक माह से बंद पड़े पेयजल पंप की समस्या मीडिया में प्रमुखता से सामने आने के बाद प्रशासनिक हलचल देखने को मिली है।

19 सितंबर को एक वाहन से पहुंचे 4 से 5 लोगों ने विद्यालय परिसर में लगे हैंडपंप को खोलकर जांच की तो उसमें पाइप ही गायब मिला। हालांकि, निरीक्षण के बाद टीम मौके से लौट गई और बच्चों को पेयजल उपलब्ध कराने की समस्या जस की तस बनी हुई है।

**आगे की कार्रवाई की स्पष्ट जानकारी नहीं-** स्थानीय लोगों के अनुसार, जब मौके पर पहुंचे लोगों से उनकी पहचान पूछी गई तो उन्होंने स्वयं को पीएचसी विभाग से संबंधित बताया। हैंडपंप में पाइप नहीं होने की बात सामने आने के बाद वे निरीक्षण कर वापस चले गए। फिलहाल हैंडपंप को चालू करने के लिए आगे क्या कार्रवाई की जाएगी, इस संबंध में कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है

**समाधान अब भी बाकी-** 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर जमुनिहा प्राथमिक पाठशाला में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा था। इसी दौरान विद्यालय में पेयजल संकट का मामला सामने आया था। स्कूल का हैंडपंप करीब एक माह से बंद होने के कारण विद्यार्थियों को पीने के पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा था। 19 सितंबर को टीम का मौके पर पहुंचना इस मामले में हुई शुरुआती कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है।

## ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की दी गई जानकारी

**अनूपपुर।** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में स्वच्छता को लेकर जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन लगातार किया जा रहा है। कलेक्टर रत्नाकर झा एवं जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत जैतहरी, अनूपपुर, कोतमा एवं पुष्पराजगढ़ के विभिन्न विद्यालयों तथा ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के तहत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के प्रावधानों और स्वच्छता से संबंधित आवश्यक जानकारियां विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को दी गईं। सांदिपनी विद्यालय खूंटा टोला सहित विभिन्न उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को कचरे के उचित प्रबंधन एवं पृथक्करण के बारे में जानकारी दी गई।

# शांति कुटी आश्रम में गूंज रही भक्ति की स्वर लहरियां

▶ नानी बाई रो मायरो कथा का शुभारंभ, निकली कलश शोभायात्रा



**अमरकंटक, नवभारत 19 सितंबर।** मां नर्मदा की उद्गम स्थली अमरकंटक में शनिवार को शांति कुटी आश्रम में दो दिवसीय नानी बाई रो मायरो कथा एवं श्रीराम नाम संकीर्तन का शुभारंभ भक्तिमय वातावरण में हुआ।

कथा के शुभारंभ अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा कलश शोभायात्रा निकाली गई, जो शांति कुटी आश्रम से मां नर्मदा उद्गम मंदिर एवं कुंड तक पहुंची। शोभायात्रा में महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। राजस्थान के पारंपरिक परिधानों में सजे श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए शामिल हुए। बैंड और डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों के बीच श्रद्धालु नृत्य करते और जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े।

**डॉ. पं. नरेंद्र पाण्डेय कर रहे कथा का वाचन-** दो दिवसीय नानी बाई रो मायरो कथा का वाचन भागवत शास्त्रज्ञ एवं धर्मप्रचारक डॉ. पं. नरेंद्र पाण्डेय कर रहे हैं। कथा में भक्त नरसी मेहता की भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अनन्य भक्ति, विश्वास और समर्पण से जुड़े प्रसंगों का वर्णन किया जा रहा है। कथा के माध्यम से श्रद्धालु भक्ति, प्रेम और ईश्वरीय कृपा से जुड़े प्रसंगों का श्रवण कर रहे हैं।

### आज होगा श्रीराम नाम संकीर्तन

यह आयोजन शांति कुटी आश्रम के परम संरक्षक महामंडलेश्वर स्वामी रामभूषण दास महाराज एवं महंत सोमेश्वर गिरी महाराज के संरक्षण में आयोजित किया जा रहा है। रविवार 20 सितंबर को प्रात: 9 से 11 बजे तक श्रीराम नाम संकीर्तन होगा। इसके बाद दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक नानी बाई रो मायरो कथा के अंतर्गत मायरे की विशेष प्रस्तुति आयोजित की जाएगी।

## एक नजर में



### प्रभारी मंत्री ने किया महाविद्यालय पहुंच मार्ग का लोकार्पण

**अनूपपुर, नवभारत।** प्रदेश के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार ने पुष्पराजगढ़ में 13.21 लाख रुपये की लागत से निर्मित शासकीय महाविद्यालय के ग्रेवल पहुंच मार्ग का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय में कक्षाओं एवं शैक्षणिक गतिविधियों का शुभारंभ भी किया। प्रभारी मंत्री ने महाविद्यालय के कंप्यूटर कक्ष, लाइब्रेरी और प्रयोगशाला का निरीक्षण कर शैक्षणिक व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी पढ़ाई एवं महाविद्यालय से संबंधित आवश्यकताओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विद्यार्थियों से नुक्कड़ नाटक, चित्रकला सहित विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने की अपील की।



### नागेंद्र सिंह बने भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री

**अनूपपुर, नवभारत।** भारतीय जनता पार्टी संगठन को मजबूत करने और आगामी संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने के उद्देश्य से नागेंद्र सिंह को भाजपा किसान मोर्चा का जिला महामंत्री नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पार्टी के शीर्ष नेतृत्व एवं भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम की सहमति से की गई। नागेंद्र सिंह लंबे समय से संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। किसानों से जुड़े मुद्दों को लेकर भी वे लगातार अपनी आवाज उठाते रहे हैं। उनकी सक्रियता, कार्यकुशलता और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए पार्टी ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।

# स्वरोजगार एवं सूक्ष्म उद्यम विस्तार का दिया गया प्रशिक्षण

▶ महिलाओं के लिए क्षमता वर्धन कार्यशाला आयोजित



**अमरकंटक नवभारत 19 सितंबर।** महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना के अंतर्गत डेस्टिनेशन स्तरीय क्षमता वर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में महिला फेडरेशन सदस्यों को पर्यटन आधारित स्वरोजगार, सूक्ष्म उद्यम विस्तार एवं क्षमता विकास से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यटन क्षेत्र में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना, स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं उद्यमिता के अवसरों को बढ़ावा देना तथा पर्यटन स्थलों पर महिलाओं के लिए सुरक्षित, समावेशी और अनुकूल वातावरण विकसित करना रहा। प्रशिक्षण सत्र के दौरान स्थानीय संसाधनों के प्रभावी उपयोग, छोटे व्यवसायों के विस्तार, पर्यटकों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने तथा पर्यटन से जुड़े विभिन्न आर्थिक अवसरों पर विस्तृत जानकारी दी गई।

**आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए किया प्रेरित** – कार्यशाला में मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड के क्लस्टर प्रभारी सुशील पांडेय एवं सहयोगी इंद्रजीत सिंह ने परियोजना के उद्देश्यों एवं संभावनाओं पर प्रकाश डाला। नर्मदांचल महिला पर्यटन सेवा प्रदत्ता संघ की अध्यक्ष ममता पारस एवं सचिव आरती यादव ने महिलाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### सुरक्षा व जागरूकता पर जानकारी साझा की

महिलाओं की सुरक्षा एवं जागरूकता के विषय पर पुलिस थाना अमरकंटक की ओर से सहायक उप निरीक्षक संजय श्रीवास तथा पुलिस दल के सदस्यों ने आवश्यक जानकारी साझा की। कार्यक्रम में रवि पटेल, कृष्णा राजावत, शिवानी, अजय सिंग्राम, दिया केवट, आरती मांझी, नीतू सिंह, कविता नागेश, सुप्रिया सेन, नेहा सेन, नम्रता खत्री, अंजलि, कुसुमलता, राधिका धुर्वे एवं रितिका ताम्रकार आदि की उपस्थिति रही।



# नप अध्यक्ष ने समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

▶ निकाय में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

**अनूपपुर, नवभारत 19 सितंबर।** नगर परिषद डूमरकछार में विकास कार्यों में तेजी लाने और नागरिकों की शिकायतों के त्वरित निराकरण को लेकर साप्ताहिक समीक्षा एवं जनसुनवाई बैठकों का सिलसिला जारी है।

इसी क्रम में 19 सितंबर को परिषद सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष एवं जिला योजना समिति सदस्य डॉ. सुनील कुमार चौरसिया ने की। बैठक में डॉ. चौरसिया ने विभिन्न विभागों में चल रहे विकास कार्यों और लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

### सेवा से संकल्प अभियान की रूपरेखा पर की गई चर्चा

उन्होंने कहा कि निर्धारित समय-सीमा में लंबित कार्य पूरे किए जाएं, अन्यथा संबंधित कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्रवाई की जाएगी। बैठक में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले 'सेवा से संकल्प' अभियान की गतिविधियों की रूपरेखा पर चर्चा की गई। सभी संबंधित विभागों को अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# मेहनत व लगन से हासिल होता है लक्ष्य : राज्यमंत्री



▶ जायसवाल ने 10 मेधावी विद्यार्थियों को प्रदान की स्कूटी

**अनूपपुर, नवभारत 19 सितंबर।** कक्षा 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए शनिवार को संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर में मुख्यमंत्री स्कूटी योजना के तहत स्कूटी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने जिले के 136 मेधावी विद्यार्थियों में से 10 विद्यार्थियों को स्कूटी प्रदान की। इस अवसर पर जायसवाल ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सफलता मेहनत, लगन और प्रतिभा से हासिल होती है। विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्कूटी मिलने से विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए आवागमन में सुविधा मिलेगी और समय की भी बचत होगी।

### पढ़ाई के लिए आवागमन आसान होगा : विद्यार्थी

उन्होंने विद्यार्थियों से स्कूटी का उपयोग आगे की पढ़ाई और अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए करने का आह्वान किया। साथ ही कहा कि विद्यार्थियों की सफलता में माता-पिता और शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। मेधावी विद्यार्थियों की उपलब्धि उनके परिवार और शिक्षकों के लिए भी गौरव का विषय है। स्कूटी प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में उत्साह रहा।

# गौशाला में फंदे पर लटका मिला वृद्ध का शव



पुलिस ने जांच शुरू की

**अनूपपुर, नवभारत 19 सितंबर।** पटनाकलां गांव में शनिवार सुबह 60 वर्षीय जगदीश बैगा का शव घर के पास स्थित गौशाला में फंदे पर लटका मिला। उनकी 12 वर्षीय पोती ने सुबह गौशाला में शव देखा और परिजनों को सूचना दी।

परिजनों ने सुबह करीब 9.30 बजे देवहरा पुलिस चौकी को घटना की जानकारी दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल अनूपपुर भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### मृतक शराब के सेवन का आदी था

देवहरा चौकी प्रभारी रंगनाथ मिश्रा के अनुसार, जगदीश बैगा शराब पीने के आदी थे। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार को भी उन्होंने शराब का सेवन किया था। प्रारंभिक जांच में घटना शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात की होना सामने आया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मूकमाटी एक्सप्रेस में चार कोच बढ़े

**जबलपुर।** यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए जबलपुर-रायपुर-जबलपुर मूकमाटी एक्सप्रेस (11702/11701) में चार कोचों की स्थायी बढ़ोतरी की गई है। 4 अक्टूबर से ट्रेन में एक एसी थ्री-टियर इकोनॉमी और तीन सामान्य श्रेणी के अतिरिक्त कोच लगाए जाएंगे। त्योहारी सीजन में इसका सीधा लाभ यात्रियों को मिलेगा।

# टीईटी के विरोध में आज शिक्षक होंगे लामबंद

▶ महासम्मेलन में सेवा सुरक्षा व पुरानी पेंशन बहाली की उठेगी मांग



**अनूपपुर, नवभारत 19 सितंबर।** सेवारत शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में जिले के शिक्षक 20 सितंबर को एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद करेंगे।

संयुक्त शिक्षक मोर्चा परिवार अनूपपुर के बैनर तले 20 सितंबर को प्रात: 11 बजे समतपुर तालाब, अनूपपुर में शिक्षक एकता महासम्मेलन एवं शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। शिक्षा संघ अनूपपुर के जिला अध्यक्ष संजय निगम ने बताया कि लंबे समय से विद्यालयों में अध्यापन कार्य कर रहे शिक्षकों में टीईटी की अनिवार्यता को लेकर असंतोष है। उन्होंने जिले के सभी शिक्षक साथियों से निर्धारित समय और स्थान पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शिक्षक एकता को मजबूत करने की अपील की है।

**शिक्षकों को सेवा सुरक्षा प्रदान करने की भी मांग-** महासम्मेलन में सेवारत शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने, वर्षों के अध्यापन अनुभव को वरिष्ठता एवं पदोन्नति का आधार मानने, शिक्षकों को बिना शर्त सेवा सुरक्षा प्रदान करने तथा पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने सहित विभिन्न मांगें प्रमुखता से उठाई जाएंगी।

**समीक्षा** ▶ दिलीप जायसवाल ने प्रशासन के समन्वय से गतिविधियों के प्रभावी आयोजन के दिए निर्देश

# संकल्प अभियान में नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करें : राज्यमंत्री

**अनूपपुर, नवभारत 19 सितंबर।** मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले में आयोजित एवं आगामी गतिविधियों की समीक्षा करते हुए सभी कार्यक्रमों में आम नागरिकों की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने स्थानीय कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन के आपसी समन्वय से अभियान की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर जोर दिया। मंत्री ने 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी ली।



### व्यापक सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश

बैठक में बताया गया कि 19 से 26 सितंबर तक 'मेरे सपनों का भारत विषय पर चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिताएं स्कूल, संकुल और विकासखंड स्तर पर आयोजित की जाएंगी। मंत्री ने प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय कार्यकर्ताओं की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### 10 नुक्कड़ नाटकों का किया जाएगा आयोजन

अभियान के तहत नमो सेवा-अनकही कहानी के माध्यम से जिले में 10 नुक्कड़ नाटकों का आयोजन कर प्रेरक कहानियां आमजन तक पहुंचाई जाएंगी। वहीं 26 सितंबर से 5 अक्टूबर तक 'आंगन मिलन सेवा के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों एवं माताओं को पोषण और खेल सामग्री उपलब्ध कराने के साथ गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों की स्वास्थ्य जांच की जाएगी।

### हितग्राहियों को चिन्हित कर योजनाओं का दिलाएं लाभ

योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों के जीवन में आए बदलावों को सेवा की कहानी के रूप में सामने लाने के निर्देश भी दिए गए। सेवा ज्योति कलश यात्रा के तहत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से यात्रा निकाली जाएगी। मंत्री जायसवाल ने कहा कि सेवा सेतु अभियान के माध्यम से शासन की योजनाओं से छूटे पात्र एवं वंचित हितग्राहियों को चिन्हित कर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाया जाए।